**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊः 18 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद द्वारा आयोजित लोक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुति कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन दीपावली के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव, मंत्री श्री राजेन्द्र चैधरी, पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन, पूर्व मंत्री श्री नरेश चन्द्रा सहित, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, सेना व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में दीपावली की बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिये सुख चैन व आनन्द लेकर आये।

इस अवसर श्री बाबू खान मांगणिहार, जैसलमेर, राजस्थान ने मांगणिहार गायन, श्री अरविन्द यादव, सागर, मध्य प्रदेश ने बधाई लोक नृत्य, श्री सृष्टिधर महतो, रांची, झारखण्ड ने पुरूलिया छाऊ लोक नृत्य तथा श्री दयाभाई नकुम, द्वारका, गुजरात ने बेदरास लोक नृत्य तथा फैजाबाद उत्तर प्रदेश के दल ने भी लोकनृत्य प्रस्तुत किये।

-----

राज भवन
के प्रतीक

सुख

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद
एवं
भारत सरकार द्वारा
दीप पर्व
के आगमन पर